**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 5 अप्रैल 2024, समय 1810 (10 मिनट))**

- मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने निगम आयुक्तों एवं निर्वाचन अधिकारियों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदान केंद्र वार कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये।
- कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी किया।
- हरियाणा में विभिन्नजिलों के लिए चुनाव आइकॉन घोषित किये गए।
- हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान प्रदेश में अवैध शराब की बिक्री और भंडारण पर कड़ी नज़र रखी जायेगी।
- कैथल के सहायक निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट के पासवर्ड और आई डी चोरी मामले में 4 कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित पांच कर्मचारियों को निलंबित किया गया।

.................................................................................

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने मतदान प्रतिशत बढाने के लिए चयनित जिलों के निगम आयुक्तों और चुनाव अधिकारियों को मतदान केन्द्र वार कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये है। निर्वाचन आयुक्त ने उनको शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न लक्षित जनसमूहों के लिए अलग-अलग कार्यनीतियां और योजनाएं बनाने को कहा है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने आज नई दिल्ली में उन ग्यारह राज्यों के निगमायुक्त और चुनाव अधिकारियों के साथ बैठक की, जहां पिछले चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी कम रही थी। बैठक का उद्देश्य इस लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढाना है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने अधिकारियों को इस प्रकार काम करने का निर्देश दिया जिससे मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी कर गौरवान्वित महसूस

करें। उन्होंने ऐसे अभियान शुरू करने का आहवान किया जिसमें लोग मतदान के लिए स्वयं प्रेरित हों।

उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में कम मतदान वाले 215 ग्रामीण और 51 शहरी संसदीय क्षेत्रों की पहचान की गई है, जहां मतदाताओं की भागीदारी बढाने के प्रयास किये जाएंगे। इसके लिए उन्होंने त्रिसूत्रीय रणनीति पर बल दिया जो मतदान केन्द्रों पर सुविधाएं बढाना, लक्षित ढंग से मतदाताओं तक पहुंचना तथा लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण पक्षों को शामिल करने पर केंद्रित है।

..........................................................................................

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी कर दिया है।

पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी द्वारा आज नई दिल्ली में जारी घोषणा पत्र में प्रतिदिन 400 रूपये की न्यूनतम मजदूरी की गारंटी, प्रत्येक गरीब परिवार को प्रतिवर्ष एक लाख रूपये, केन्द्र सरकार की नौकरियों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत सीटों का आरक्षण, न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और राष्ट्रीय स्तर पर जाति आधारित जनगणना के वायदे शामिल हैं। कांग्रेस ने अगले दशक में 23 करोड लोगों के जीवन में सुधार लाकर गरीबी समाप्त करने का भी वायदा किया है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि उनकी पार्टी का घोषणा पत्र पंच न्याय यानी न्याय के पांच स्तम्भों ''युवा, महिला, किसान, मजदूर और आबादी प्रतिशत के अनुरूप अवसर'' पर आधारित है।

..........................................................................................

हरियाणा में 25 मई के होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत में और वृद्धि के उद्देश्य से सभी जिलों में चुनाव आइकॉन बनाने की प्रक्रिया को आज अंतिम रूप दिया गया।

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बताया कि इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ हुई बैठक में उन जिलों में भी चुनाव आइकॉन बनाने का आग्रह किया गया है, जो आज इस कार्य को अंतिम रूप नहीं दे सके। श्री अग्रवाल ने बताय कि गत वर्ष एशियाई खेलों में निशानेबाजी में स्वर्ण

पदक विजेता पलक को झज्जर जिले, 19वीं एशियाई खेलों में निशानेबाज़ी में रजत पदक विजेता आदर्श सिंह को फरीदाबाद और 19वीं सीनियर पैश पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में तीसरा स्थान हासिल करने वाली सुमन देवी एवं भोपाल में हुई राष्ट्रीय स्कूल खेलों में भाग लेने वाली खिलाड़ी याशिका को पानीपत जिले का चुनाव आइकॉन घोषित किया गया है।

इसी पंकार 19वीं एशियाई खेलों में निशानेबाजी में रजत पदक विजेता सरबजोत सिंह को अंबाला जिले का आइकॉन बनाया गया है। सोनीपत जिले से विश्व चैपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता पहलवान सोनम मलिक, कुरूक्षेत्र जिले के लिए ओलंपिक हॉकी खिलाड़ी सुरिंदर कौर तथा फतेहाबाद के लिए राष्ट्रीय युवा महोत्सव में गायिकी में प्रथम स्थान हासिल करने वाली मुस्कान को चुनाव आइकॉन घोषित किया गया है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने इस वर्ष लोकसभा चुनाव के लिए ''चुनाव का पर्व-देश का गर्व'' को शीर्षक वाक्य बनाया है, ताकि नागरिक गौरवांवित होकर इस पर्व में भाग लें। उन्होंने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में हरियाणा का मतदान प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से अधिक था, इस बार इसे 75 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

..........................................................................................

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान हरियाणा में अवैध शराब की बिक्री पर कड़ी नजर रहेगी।

उन्होंने कहा कि चुनाव में लागू आदर्श आचार संहिता के दौरान शराब की अवैध बिक्री, भंडारण एवं आपूर्ति पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए कई उचित कदम उठाये गये हैं। इसके ईलावा आबकारी एवं पुलिस विभाग के सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश भी दिए गए हैं ताकि चुनाव के दौरान कहीं भी शराब की अवैध बिक्री या भंडारण न हो। उन्होंने कहा कि यदि कोई इस कृत्य में संलिप्त पाया जाए तो उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई होगी।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बाहर से आने वाली अवैध शराब को रोकने के लिए अंतरराज्यीय नाकों पर पुलिस अधिकारियों, उड़ान दस्तों और स्थिर

निगरानी दलों का भी गठन किया गया है जो वाहनों की जांच करेंगे। आबकारी एवं कराधान विभाग द्वारा राज्य स्तर पर नियंत्रण रखने के लिए पंचकूला में नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि नागरिकों को भी सतर्क होकर चुनाव में भाग लेना होगा। वे सी विजल मोबाइल एप पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने की शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। नागरिक अपने मोबाइल से फोटो, वीडियो व ऑडियो भी सी-विजिल एप पर भेज सकते हैं।

.............................................................................................

कैथल के सहायक निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट का पासवर्ड और आईडी चुरा कर किसी अज्ञात व्यक्ति ने आम आदमी पार्टी रैली की अनुमति रद्द कर दी।

हमारे संवाददाता ने बताया है कि सहायक निर्वाचन अधिकारी ब्रह्मा ं प्रकाश ने जब अपना पोर्टल खोला तो उन्हें इस बात की जानकारी मिली। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए चार कम्प्यूटर आपरेटरों सहित पांच कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है और सारे मामले की जांच के लिए पुलिस अधीक्षक उपासना को एक पत्र लिखा है। फिलहाल मामले की जांच साईबर प्रकोष्ठ द्वारा की रही है।

.............................................................................................

हरियाणा में पहली बार आयोजित किए जा रहे प्रथम पुलिस महानिरीक्षक/अधीक्षक सम्मेलन के दूसरे दिन की शुरुआत सभी पुलिस अधिकारियों द्वारा योगाभ्यास करने से हुई।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने कहा कि योग के माध्यम से तन और मन को स्वस्थ व शुद्ध रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि हम योग को अपनाकर संतुलित जीवन का निर्वहन कर सकते हैं, और अनेक प्रकार की बीमारियों से बच सकते है।

योगासन के दौरान पुलिस अधिकारियों को शिथिलीकरण अभ्यास के आसन भी करवाए गए।

.............................................................................................

हरियाणा में गेहूं और सरसों की फसल की खरीद निर्विघ्न जारी है।

पलवल में मार्किट कमेटी के सचिव मनदीप सिंह ने बताया कि मंडी में अब तक सरकारी एजेंसियों द्वारा 1235 क्विंटल गेहूं की खरीद के बाद उठान की व्यवस्था भी की गई है।

सभी व्यवस्थाओं के बीच खरीद कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। वहीं हिसार में मार्केट कमेटी के सचिव गगन जोशी ने बताया कि अनाज मंडी में गेहूं की आवक अभी शुरू नहीं हुई जबिक अब तक 75 हज़ार क्विंटल सरसों की खरीद की गई है। अभी भी किसान बड़ी संख्या में सरसों क फसल लेकर मंडी में पहुंच रहे हैं।

श्री जोशी ने किसानों से फसल को सुखाकर ही मंडी में लाने का आग्रह किया है।

भिवानी के उपायुक्त नरेश नरवाल ने बताया कि जिले की मंडियों में भी सरसों की खूब आवक हुई है और कुछ मंडियों में सरसों की आवक इतनी ज्यादा हुई है कि उठान के लिए समय की जरूरत है। इसी के मद्देनजर मंडियों में कल सरसों की खरीद न करने का फैसला लिया गया है।

................................................................................

पंचकूला के उपायुक्त एवं माता मनसा देवी पूजा स्थल बोर्ड के मुख्य प्रशासक सुशील सारवान ने इस महीने की नौ से 17 तारीख तक चलने वाले चैत्र नवरात्र मेले की तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने बताया कि मेला स्थल को तीन जोन में बांटकर हर जोन में ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए मेला परिसर में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जायेगा और 1130 पुलिस कर्मी मेला ड्यूटी पर तैनात किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि 13 स्थानों पर पुलिस नाका लगाया जायेगा और 6 स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

उपायुक्त ने बताया कि मेले के दौरान वरिष्ठ नागरिकों, गर्भवती महिलाओं एवं निशक्त जनों के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है ताकि वे आसानी से माता के दर्शन कर सकें।

................................................................................

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने सभी उच्च शिक्षण संस्थाओं को विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन के बारे में जागरूकता लाने के निर्देश दिये हैं। यह टोल फ्री सेवा पुरा सप्ताह 24 घंटे निशुल्क उपलब्ध है।

आयोग ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और महाविद्यालयों के प्राचार्यों को लिखा है कि स्वास्थ्य मंत्रालय की मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन "टेलिमानस" अपनी शुरूआत में ही सराहनीय काम कर रही है और इसको लोगों में लोकप्रिय बनाये जाने की जरूरत है। आयोग ने उच्च शिक्षण संस्थाओं को इसका व्यापक प्रचार करने को कहा है।

काबिले गौर है किकेंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने वर्ष 2022 में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर इसका शुभारंभ किया था।

.......................................................................................